क्रमांक-61

मध्यप्रदेश विधान सभा
पत्रक भाग-दो

मंगलवार, दिनांक 27 जून, 2017 (आषाढ़ 6, 1939)

राष्ट्रपतीय निर्वाचन, 2017 – मार्गदर्शन हेतु प्रसुविधा केन्द्र की स्थापना

आगामी राष्ट्रपतीय निर्वाचन, 2017 के लिए दिनांक 14 जून, 2017 की अधिसूचना जारी होने के उपरांत निर्वाचन कार्य संबंधी प्रक्रिया आरंभ हो गई है. तदाशय की अधिसूचनाएं भारत निर्वाचन की वेबसाइट www.eci.nic.in पर देखी जा सकती हैं.

उक्त निर्वाचन के लिए महासचिव, लोक सभा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा मध्यप्रदेश राज्य के लिए प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है. वर्णित निर्वाचन के लिए दिनांक 28 जून, 2017 तक अभ्यर्थियों द्वारा संसद् भवन नई दिल्ली में नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे. दिनांक 29 जून, 2017 को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा दिनांक 1 जुलाई, 2017 तक की तिथि अभ्यर्थिता वापस लेने हेतु नियत की गई है. इसके उपरांत आवश्यक होने पर सोमवार, दिनांक 17 जुलाई, 2017 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक, मतदान होगा.

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों हेतु मध्यप्रदेश विधान सभा भवन स्थित समिति कक्ष क्रमांक-2 (एम-02,भूतल) को मतदान स्थल के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित किया गया है.

उपर्युक्त निर्वाचन में मतदान एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जायेगा. इस प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने के लिए विधान सभा के निर्वाचित मान. सदस्यों हेतु विधान सभा भवन स्थित समिति कक्ष क्रमांक-2 में प्रसुविधा केन्द्र (Facilitation Center) भी स्थापित किया गया है, जिसमें यदि किसी मान. सदस्य को उपर्युक्त निर्वाचन तथा मतदान प्रक्रिया के संबंध में कोई जानकारी आदि प्राप्त करनी हो तो वह कार्य दिवसों एवं कार्यालय समय में संपर्क कर ले सकते हैं. मतदान प्रक्रिया के संबंध में निर्देश पृथकत: जारी किये जायेंगे तथा मतदान स्थल पर भी प्रदर्शित रहेंगे.

वर्णित निर्वाचन में विधान सभा के निर्वाचित सदस्यगण अपना मतदान कर सकें, इसके लिए उन्हें विधान सभा द्वारा प्रदत्त परिचय-पत्र अपने पास रखना अनिवार्य होगा ताकि उनकी पहचान में किसी प्रकार असुविधा न हो तथा निर्वाचन के समय मान. सदस्यों को भी आसानी हो सके. मान. सदस्यों से अनुरोध है कि वे परिचय-पत्र अपने पास आवश्यक रूप से रखें तथा उपर्युक्त सुविधा का लाभ लेने का कष्ट करें.

अवधेश प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा, एवं
सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,
राष्ट्रपतीय निर्वाचन, 2017